भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 02.01.2025

"ब्रह्मताल शीतकालीन ट्रैकिंग अभियान"– 2024 में उत्तर प्रदेश से आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (रेलवे) का दल हुआ शामिल ।

"यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया" के तत्वाधान में "ब्रह्मताल शीतकालीन ट्रैकिंग अभियान"– 2024 का आयोजन लोहाजंग उत्तराखंड में किया गया। इस 9 दिवसीय ट्रैकिंग कार्यक्रम में आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के 10 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने ट्रैकिंग दल को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन रेल कर्मियों के शारीरिक फिटनेस में सुधार, विषम परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता, आपसी सामंजस्य की भावना एवं मिलजुल कर कार्य करने की शैली विकसित करते हैं। पर्यावरण संरक्षण को प्रेरणा देने वाले ऐसे अभियान राष्ट्रीय एकता की दृष्टि में भी महत्वपूर्ण होते हैं। क्योंकि लोगों को विभिन्न संस्कृति एवं सामाजिक रीति रिवाजों से परिचित होने का आधार मिलता है।

आरेडिका खेल कूद संघ के सहयोग से उत्तराखण्ड में पड़ने वाले ब्रह्मताल ट्रैकिंग में आरेडिका के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश से 23 दिसंबर को रायबरेली से चलकर 24 दिसंबर 2024 को लोहाजंग में रिपोर्टिंग की तथा 29 दिसम्बर को लोहागंज वापस आये। इस दल का नेतृत्व एवं पर्यवेक्षण अनुभवी ट्रैकर एवं आरेडिका के सीनियर सेक्शन इंजीनियर अमिय श्रीवास्तव ने किया। आरेडिका से गये समस्त 10 प्रतिभागियों ने कैंप में उपस्थित कैंप लीडर व उनके समस्त सहयोगियों के साथ मिलकर सामाजिक कार्य एवं पर्यावरण जागरूकता हेतु ट्रैकिंग अभियान के दौरान आस–पास के क्षेत्र को साफ करने का फैसला किया।

सदस्यों ने कुल 37 किलोमीटर ट्रैक किया तथा 14000 फीट की ऊँचाई तक पहुँचे। इस ट्रैक में शामिल सदस्यों ने 24 घंटे लगातार भारी हिमपात में बिताकर तथा चलकर अपने ट्रैक को पूर्ण किया। इस ट्रैकिंग दल में प्रमुख रूप से प्रथम बार शामिल हुए अविनाश कुमार उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर ने सभी सदस्यों का मनोबल बनाए रखा। अन्य सदस्यों में त्रिलोचन अन्थवाल उप मुख्य सतर्कता अधिकारी, अनिल श्रीवास्तव जन संपर्क अधिकारी, राजीव रंजन सीनियर सेक्शन इंजीनियर, रोहित कुमार वरिष्ठ टेक्नीशियन, आदर्श कुमार आशुलिपिक, गौतम सागर आशुलिपिक, संगम यादव आशुलिपिक, आनंद प्रकाश सीनियर क्लर्क ने प्रतिनिधित्व किया। आरेडिका के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी आर. एन. तिवारी, शान–ए–अवध इकाई के चौयरमैन एस.एन. लाल एवं इकाई सचिव पंकज श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागियों को सफल ट्रैकिंग अभियान के लिए बधाई दी।

02/01/2025
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी